ऑनलाइन लिखित परीक्षा का आयोजन

एमएमजीएस-II (उप प्रबंधक), एमएमजीएस -III (प्रबंधक), एसएमजीएस-V (सहायक महाप्रबंधक) एवं टीईजीएस-VI (मुख्य जोखिम अधिकारी) पद पर अधिकारियों की भर्ती पर रा.आ.बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित दिनांक 28.12.2019 के विज्ञापन सं. रा.आ.बैंक/मानव संसाधन एवं प्रशासन/भर्ती/2019/06 तथा दिनांक 04.01.2020 के रोजगार समाचार का संदर्भ लें।

इस संबंध में, सभी अभ्यर्थियों जिन्होंने एमएमजीएस- II (उप-प्रबंधक) पद के लिये आवेदन किया है को अधिसूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने तथा साक्षात्कार के लिये आईबीपीएस के माध्यम से सामाजिक दूरी मानदंडों का पालन करते हुए दिनांक **10.10.2020 (शनिवार)** को संपूर्ण भारत के निम्न केंद्रों पर ऑनलाइन लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है-

क्र.सं.	केंद्रों के नाम	क्र.सं.	केंद्रों के नाम
1	अहमदाबाद	7	लखनऊ
2	बेंगलुरु	8	मुंबई/नवी मुंबई/ग्रेटर मुंबई
3	चेन्नई	9	नागपुर
4	हैदराबाद	10	नई दिल्ली - एनसीआर
5	जयपुर	11	पटना
6	कोलकाता/ग्रेटर कोलकाता		

बैंक दिनांक 30.09.2020 को अपनी वेबसाइट (http: www.nhb.org.in) पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के ई-कॉल लेटर अपलोड करेगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-कॉल लेटर डाउनलोड करें तथा उसका एक प्रिंटआउट लें। इस परीक्षा के लिए कोई कागज़-आधारित कॉल लेटर जारी नहीं किया जाएगा।

अभ्यर्थियों को परीक्षा में उपस्थित होने के लिए आबंटित स्थल पर अपने ई-कॉल लेटर पर हाल ही का फोटोग्राफ चिपकाकर तथा आईडी प्रमाण की फोटोकॉपी के साथ मूल में एक वैध फोटो पहचान प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ई-कॉल लेटर पर उल्लिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें तथा उक्त का अवलोकन करें। ई-कॉल लेटर एवं आईडी प्रमाण संबंधित दस्तावेजों के अतिरिक्त, निम्नलिखित वस्तुओं को परीक्षा स्थल पर ले जाने की अनुमति है –

क. मास्क (मास्क पहनना अनिवार्य है)

ख. दस्ताने

ग. व्यक्तिगत पारदर्शी पानी की बोतल (अभ्यर्थी अपनी पानी की बोतल ला सकते हैं)

घ. व्यक्तिगत हैंड सैनिटाइज़र (50एमएल)

ङ. एक साधारण कलम

च. स्क्राइब अभ्यर्थी के मामले में - स्क्राइब फॉर्म विधिवत भरा हुआ हो तथा चिपकी हुई फोटोग्राफ के साथ हस्ताक्षरित हो।

अभ्यर्थियों को सामाजिक दूरी के कोविड -19 मानदंडों के साथ-साथ परीक्षा हॉल के अंदर तथा परीक्षा स्थल के परिसर में वैयक्तिक स्वच्छता का पालन करना होगा।

अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी कीमती/महंगी वस्तुओं एवं बैग को परीक्षा हॉल में न लाएं, क्योंकि वस्तुओं को सुरक्षित रखने का आश्वासन नहीं दिया जायेगा।

अभ्यर्थी के मोबाइल फोन में आरोग्य सेतु ऐप होना चाहिए। आरोग्य सेतु की स्थिति में अभ्यर्थियों का जोखिम स्तर दिखना चाहिए। अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को यह स्थिति दिखानी होगी। यदि किसी अभ्यर्थी के पास स्मार्ट फोन नहीं है, तो उसे इस संबंध में (ई-कॉल लेटर के साथ स्व-घोषणा प्रारूप प्रदान किया गया है) एक हस्ताक्षरित घोषणा पत्र लाना होगा तथा परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को इसे दिखाना होगा। प्रवेश स्थान पर आरोग्य सेतु की स्थिति दिखाने के बाद, अभ्यर्थियों को अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ करना होगा, तथा निर्धारित स्थान पर जमा करना होगा और बाहर निकलते समय इसे लेना होगा। तापमान के लिए प्रवेश स्थल पर थर्मो गन से सभी अभ्यर्थियों (और स्क्राइब, यदि लागू हो) की जाँच की जाएगी।

अभ्यर्थियों को ई-कॉल लेटर पर उल्लिखित समय से 15 मिनट पहले परीक्षा स्थल पर रिपोर्ट करना होगा। देर से रिपोर्ट करने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रशासक की पूर्व अनुमति के बिना परीक्षा हॉल छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि परीक्षा की तारीख/सत्र/स्थल को बदलने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

नई दिल्ली — महाप्रबंधक

30.09.2020 — मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग